# अब हादसों से प्रभावित परिवारों के बच्चों की नहीं छुटेगी पढ़ाई : शिक्षा मंत्री

**■ उदयपुर से हुई अभिनव पहल, कॉरपोरेट सहयोग से 1:35 लाख बच्चों व अभिभावकों का 1 लाख रूपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा**

**उदयपुर, (कासं)।** व्यक्तिगत संकट के चलते पढ़ाई से वंचित होने वाले बच्चों की पीड़ा को दूर करने के लिए राजस्थान सरकार ने अभिनव पहल की। सीएसआर के माध्यम से कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा से जोड़ने की यह अप्रत्याशित पहल मेवाड़ की धरा उदयपुर से हुई।

वण्डर सीमेंटए ज्यूरिख कोटक जनरल इंशुरेंस, एसबीआई तथा एसएमई इंशुरेंस, प्रमोशन कौंसिल के साझे में प्रारंभ की गई इस योजना का शुभारंभ बुधवार को प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने रेजीडेंसी विद्यालय सभागार में आयोजित समारोह में किया। इस दौरान उन्होंने 21 बच्चों को सांकेतिक रूप से बैंक डायरी व किट वितरित किए।

समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए कार्य कर रही है। कई बार परिवार में हादसों के चलते माता.पिता की मृत्यु हो जाने अथवा दिव्यांग हो जाने से पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते बच्चों को बीच में पढाई छोड़ देनी पड़ती है। दिलावर ने कहा कि ऐसी कई संस्थाएं भी सक्रिय हैं तो ऐसे मुसीबत में घिरे परिवारों को लालच देकर बच्चों को जोड़ लेती हैं। कई बार उनसे भिक्षावृत्ति भी कराई जाती है तो कई बार धर्मांतरण जैसे कृत्य भी होते हैं।शिक्षा मंत्री ने कहा कि आमजन की परेशानी को महसूस करते हुए राज्य सरकार ने सीएसआर के माध्यम से व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की पहल की। इसमें वण्डर सीमेंट, ज्यूरिख कोटक व एसबीआई का साथ मिला और आज पूरे भारत में पहली बार एक साथ तीन कंपनियों के सहयोग से अभूतपूर्व योजना का शुभारंभ महाराणा प्रताप की धरती उदयपुर से हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा के लिए कई तरह की योजनाएं चल रही है। स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें,युनिफार्म आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मिड डे मील और दुग्ध योजना से उनके पोषण का भी ध्यान रखा जा रहा है। साइकिल व स्कूटी वितरण और लेपटॉप वितरण के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। उन्होंने निराश्रित बच्चों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से चलाई जा रही पालनहार योजना सहित हाल ही प्रारंभ की गई लाडो प्रोत्साहन योजना की भी जानकारी देते हुए जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने का आ ान किया। समारोह को संबोधित करते हुए षिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि राजस्थान सरकार हर वर्ग के हितों का ध्यान रख रही है। प्रदेश में निवासरत घुमन्तू परिवारों को निःशुल्क भूखण्ड उपलब्ध कराने की पहल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की है। इसके तहत अब तक 21 हजार परिवारों को भूखण्ड आवंटित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार घुमन्तू परिवारों के बच्चों की षिक्षा को लेकर भी सजग है। इसके लिए राजस्थान में जल्द ही चल विद्यालय प्रारंभ किए जाएंगे। इन विद्यालयों के माध्यम से घुमन्तू परिवारों के डेरों में पहुंच कर बच्चों को पढ़ाया जाएगाए ताकि राजस्थान में किसी भी बच्चे के षिक्षा से वंचित नहीं रहने के सपने को साकार किया जा सके। समारोह को संबोधित करते हुए वण्डर सीमेंट के हॉल टाइम डायरेक्टर परमानंद पाटीदार ने इन पुनीत कार्य का हिस्सा बनाने के लिए राज्य सरकार और शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।ज्यूरिख कोटक जरनल इंशुरेंस के चीफ डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर जगजीतसिंह सिद्धू तथा एसएमई एण्ड गवमेंट बिजनेस हैड शीलादित्य चौधरी ने शिक्षा संजीवनी के माध्यम से प्रारंभ की गई।

## प्रमोद सामर के घर पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष

**उदयपुर, (कासं)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर सहित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी बुधवार को दुर्गा नर्सरी स्थित भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर के निवास पर पहुंचे और परिजनों से मिल सामर के पिताजी के निधन पर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सांसद मन्नालाल रावत, पूर्व देहात जिला अध्यक्ष भंवर सिंह पवार,पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवीलाल सालवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इससे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का मेवाड़ की इस पुण्य धरा पर उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर उनका हार्दिक स्वागत किया गया। एयरपोर्ट के बाहर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीयो और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी का संसद की याचिका समिति के अध्यक्ष मनोनीत पर एवं कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर का उदयपुर पधारने पर शहर, देहात जिला द्वारा स्वागत किया गया।

## तीन पारियों में 54 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 27 व 28 फरवरी को आयोजित होगी। उदयपुर में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में दो दिन के दरम्यान 3 पारियों में 54 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा समन्वयक एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि उदयपुर में 55 केन्द्रों पर तीन पारियों में परीक्षा आयोजित होगी। इसमें इसमें 41 राजकीय तथा 14 निजी विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 27 फरवरी को प्रथम पारी में सुबह 10 से 12.30 बजे तक लेवल प्रथम की परीक्षा होगी इसमें 18 हजार 280 अभ्यर्थी भाग लेंगे। द्वितीय पारी में दोपहर 3 से 5.30 बजे तक लेवल द्वितीय के 18 हजार 152 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

अगले दिन 28 फरवरी को सुबह 10 से 12.30 बजे तक लेवल द्वितीय के 18 हजार 268 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। श्री राठौड़ ने बताया कि प्रत्येक 10 परीक्षा केंद्रों पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को एरिया प्रभारी तथा प्रत्येक 5 केंद्रों पर एक जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन अधिकारियों ने बुधवार को अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं।

राठौड़ ने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर एक राजपत्रित अधिकारी को उप समन्वयक नियुक्त किया है। इसके अलावा 68 ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। कुल 55 परीक्षा केंद्रों पर प्रति कक्ष 24 अभ्यर्थियों के हिसाब से 792 कमरों में परीक्षा होगी।

प्रत्येक कक्ष में दो अभिजागर के हिसाब से कुल 1584 राजकीय शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। सभी निजी परीक्षा केंद्रों पर भी शत प्रतिशत राजकीय कार्मिकों को ही परीक्षा ड्यूटी पर तैनात किया है। एडीएम राठौड़ ने बताया कि बोर्ड की गाइडलाइन एवं मुख्य सचिव की ओर से वीसी में दिए गए निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में हॉस्टल बंद रखे जाएंगे। साथ ही ई-मित्र एवं फोटोकॉपी दुकानों भी पूरी तरह बंद कराई जाएंगी।

## नाटक खोया हुआ आदमी ने बटोरी तालियां

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय लोक कला मण्डल के 74 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 21 वें पद्मश्री देवीलाल सामर स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन स्वर्गीय ऋषि दुबे 'राही' द्वारा लिखित एवं साहेब नीतीश द्वारा निर्देशित नाटक 'खोया हुआ आदमी ' का मंचन हुआ।

भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि नाटक खोया हुआ आदमी का मंचन में कलाकारों ने अपने अभिनय कौशल से दर्शकों का दिल जीत लिया। आरम्भ में संस्था के मानद सचिव सत्य प्रकाश गौड़ ने मुख्य अतिथी एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद अतिथियों द्वारा लोक कला मण्डल के संस्थापक पद्मश्री देवीलाल सामर की तस्वीर पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित किया। नाटक खोया हुआ आदमी की कहानी अमर और सीमा नामक एक मध्यम वर्गीय परिवार की है, जो मेट्रो शहर में रहता है। कुलजीत, जो अमर का भाई है, अपनी स्वार्थी पत्नी के साथ मिलकर उसे धोखा देता है। इस नाटक में जीवन की जटिलता को दर्शाने की प्रयास किया गया।

# मेडिकल साइंस में आए बदलाव, नवाचार व चुनौतियों पर होगा मंथन

**■ नेशनल मेडिकॉज आर्गेनाइजेषन का 44वां राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन उदयपुर में 1 व 2 मार्च को**

**उदयपुर, (कासं)।** नेशनल मेडिकॉज आर्गेनाइजेशन (नमोकॉन) का 44वां राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन 1 एवं 2 मार्च को झीलों की नगरी उदयपुर में आयोजित होगा। इसमें मेडिकल साइंस के क्षेत्र में आए बदलावों, नवाचारों और चुनौतियों पर मंथन किया जाएगा। अधिवेशन में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े देश भर के 2000 ख्यातनाम चिकित्सक भाग लेंगे।

नेशनल मेडिकॉज आर्गेनाइजेशन के आर्गेनाइजिंग चैयरमेन डॉ राजेश मलिक,कॉ.चैयरमैन डॉ राहुल जैन,आर्गेनाइजिंग सेकेट्री डॉ नरेन्द्र जोशी व उदयपुर संरक्षक डॉ देवेन्द्र सरीन ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल हरिभाउ किशनराव बागड़े,लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख रमेश पप्पा तथा क्षेत्रीय संघचालक डॉ रमेश अग्रवाल बतौर अतिथि भाग लेंगे। अधिवेशन के दौरान अलग.अलग कांफ्रेन्स हॉल में विभिन्न सत्र होंगे। पहले दिन 1 मार्च को आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित डॉ गट्टानी हॉल में ध्वजारोहण के साथ कांफ्रेन्स प्रारंभ होगी। डॉ गट्टानी हॉल,पन्नाधाय हॉल,महाराणा प्रताप हॉल और राणा सांगा हॉल में सुबह 9:30 से 11 बजे तक मेडिकल स्टुडेंटस् के लिए अलग.अलग विषयों पर साइंटिफिक प्रजेंटेषन होगा। 11 से 12:30 बजे तक डॉ गट्टानी हॉल व पन्नाधाय हॉल में कार्यस्थलों पर चिकित्सा कार्मिकों से हिंसा विषय पर पैनल डिस्कशन होगा। दोपहर 12:30 बजे डॉ गट्टानी हॉल में डॉ अब्बाजी ठाटे व्याख्यान होगा। अपराह्व 2:30 बजे से 3:45 बजे तक मेडिकल स्टुडेंटस् के लिए अभिव्यक्ति का मंच रहेगा। 3:45 बजे से 4:30 बजे तक बेलेंसिंग एकेडमिक एण्ड क्लिनिकल प्रैक्टिस फॉर सक्सेजफूल मेडिकल प्रोफेशन पर डॉ सुजित धार व्याख्यान होगा।शाम 5 बजे डॉ गट्टानी सभागार में राज्यपाल हरिभाउ बागड़े और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह होगा। शाम 6:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन 2 मार्च को सुबह 8:30 बजे डॉ गट्टानी हॉल में जनरल बॉडी मीटिंग होगी। 9:30 बजे से 10:45 बजे तक मीराबाई हॉल में रंगोलीए पोस्टर मेकिंग, राणा कुम्भा हॉल में मेडिकल क्वीज, राणा सांगा हॉल में डेंटल क्वीज, महाराणा उदयसिंह हॉल में ई.पोस्टर, पन्नाधाय हॉल में फ्री पेपर सेशन तथा भामाशाह हॉल में रिसर्च मैथोलॉजी से जुड़े इवेंट होंगे। 11 से 11:45 बजे तक गट्टानी हॉल में सेवा के अनूठे प्रयास कार्यक्रम के तहत वनवासी कल्याण आश्रम,बांसवाड़ा परियोजना तथा एनएमओ के सेवा कार्यों पर विशेष सत्र होगा।

## शिव मंदिरों में

**उदयपुर,(का.स.)।** शिवरात्रि पर्व को लेकर बुधवार को श्रद्धा का सैलाब उमड पड़ा ।अरावली की उपत्काए जय महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो गई। उदयपुर के कैलाशपुरी में भगवान एकलिंगनाथ के दर्शन के लिए मंदिर के मुख्य गेट से उदयपुर रोड की तरफ करीब 500 मीटर से ज्यादा लंबी कतारें लगी तो उदयपुर के महाकाल मंदिर में भी महाकाल के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा । गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर पर नागा बाबा ने भक्तों को दिए दर्शन महंत बृज बिहारी वन महाराज की तपोस्थली उदयपुर का अमरनाथ गुप्तेश्वर महादेव मन्दिर पर शिवरात्रि पर्व पर विद्वान पंडितों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। मन्दिर पर तपोनिधि पंचायती निरंजनी अखाड़े के काशीए हरिद्वारए अमरनाथए प्रयाग आदि के महान त्यागीए तपस्वी संतों ने भी गुप्तेश्वर मन्दिर में आकर कर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। हजारों भक्तों का दिन भर दर्शन के लिए तांता लगा रहा। श्री गुप्तेश्वर महादेव भजन मंडली द्वारा पूरे दिन व रात्रि भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया।देवराजेश्वर महादेव मित्र मंडल आयड़ एवं गंगोद्भव विकास समिति द्वारा शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर खीर एवम सेगारी वितरण किया गया।

# विश्व जल सम्मेलन का समापन

**■ उन्नीस देशों के सौ से अधिक पर्यावरण विदों ने लिया भाग**

**उदयपुर (कासं)।** आदिज्ञान और आधुनिक शिक्षा युक्त व्यवसायिक जीवन में से आज का युवा अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति करने वाले व्यवसायों को ही चुन रहा है। पर्यावरण और भारतीय ज्ञान आधारित मार्ग से भी रोजगार की प्राप्ति हो सकती है। जो दैनिक आवश्यकताओं के साथ धरती मां की सेवा का सौभाग्य भी युवा पीढ़ी को दे सकता है। ये बात हम सभी को अपने नौजवानों को समझाना होगा साथ ही उसकी व्यवहारिकता से परिचय करवाने के उपरान्त ही हम अपने बच्चों को प्रकृति की ओर लौटा पाएंगे और आने वाले समय के लिए पृथ्वी को जीवन के लिए उपयुक्त स्थान की तरह संजो पाएंगे। इसी से पंच तत्वों से बनी प्रकृति के प्रति आस्था भी उत्पन्न हो पाएंगी।

उक्त विचार बुधवार को तरूण भारत संघ के स्वर्ण जयंती वर्ष पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, तरूण भारत संघ, कीवा के संयुक्त तत्वावधान में कुलपति सचिवालय के सभागार में तीसरे दो दिवसीय विश्व जल सम्मेलन के समापन सत्र में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् व मैगसेसे पुरस्कार विजेता पानी वाले बाबा डॉ. राजेंद्र सिंह ने बीज वक्ता के रूप में व्यक्त किए। डॉ. राठौड़ ने अपने उद्बोधन में पूर्व में हुए दोनों विश्व जल सम्मेलनों की घोषणा पत्रों और उनकी रोशनी में विश्व भर में हुए कार्यों के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने प्रकृति में आ रहे असंतुलन और पर्यावरणीय समस्याओं के सामाधान के लिए हमें हमारी संस्कृति की ओर लौटने की बात कही। उन्होंने बताया कि सतत विकास के लिए भारतीय सूत्र प्रकृति, विकृति, दुष्कृिति और संस्कृति को आधार बनाया जाए तो पारिस्थितिकि तंत्र, जैव विविधता संबंधित समस्याओं का हल सहज ही जाएगा। साथ ही हमें वैश्विक कल्याण की बात को ध्यान में रखकर याद रखना होगा कि संपूण विश्व एक परिवार के रूप में एक दूसरे जुड़ा हुआ है और हमारे द्वारा किया गया कोई एक काम भी दूसरों के जीवन को किस हद तक प्रभावित करता है। कुलाधिपति बीएल गुर्जर ने वर्षा जल संचयन और प्रबंधन को प्रमुखता से रखा। उन्होने बारिश के पानी के व्यवस्थित संचयन के लिए स्थानीय और सरकारी दोनों ही स्तरों पर प्रयास की बात की, साथ ही जल पर बनने वाली नीतियों के संदर्भ में उन्होंने भारतीय ठाामीण और शहरी परिस्थितियों के प्रभावों को विशेष रूप से ध्यान में रखने के बारे में विचार रखे।

मंथन के बाद जारी हुआ घोषणा पत्र और क्रियान्वयन के बिन्दुओं का किया वाचन- समापन सत्र में प्रो. सारंगदेवोत ने दो दिवसीय विश्व जल सम्मेलन में पर्यावरणविदों और आदिज्ञान के विशेषज्ञ प्रतिभागियों के मार्गदर्शन में हुए मंथन से सामने आए बिन्दुओं के आधार पर तैयार किए गए घोषणा पत्र को जारी किया, साथ ही इनको जमीनी हकीकत बनाने के लिए क्रियान्वयन के बिन्दुओं भी सदन के सामने रखा। घोषणा पत्र में भारतीय आदिज्ञान परंपरा से युवा पीढ़ी को जोड़ने ,उससे जुड़े विभिन्न तथ्यों की जानकारी देने और उसमें व्यवसाय और रोजगार का संभावनाओं को प्रकृति के संदर्भों में युवाओं तक पहुंचाने की बात कही गई। इस सबके लिए वैश्विक, सामाजिक, सामुदायिक,शैक्षिक स्तर पर किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों को भी बताया गया। पश्चिम स्वीडन विवि के प्रो. बसंत माहेश्वरी ने जल के अन्र्तसंबधों को रेखांकित करते हुए भूजल, सतही जल और नदियों के पानी में बताया और कहा कि यदि किसी एक भी प्रकार में असंतुलन होने पर उसका प्रभाव सम्पूर्ण पर्यावरण पर दिखाई देता है। पानी क्योंकि समाज के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पक्षों से जुड़ा है अतः सामुदायिक और सामुहिक प्रयासों से जागरूकता और बदलाव को परिणामों बदला जा सकेगा। संयोजक डॉ. युवराज सिंह राठौड़ ने बताया कि समारोह मे अतिथियों द्वारा दो दिवसीय जल सम्मेलन के दौरान शोधपत्रों के वाचन में श्रेष्ठ शोधपत्र वाचन के लिए मांजल सारंगदेवोत का उपरणा, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मातिन किया।


BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

**Programmes offered**

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/B.Sc. (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

**ARCHITECTURE & PLANNING**
B.Arch.+

**LAW**
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**AVIATION**
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

**DESIGN**
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

**EDUCATION**
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, B.Ed., M.Ed.

**HOME SCIENCE**
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269
Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2025

**SCHOOL EDUCATION DIVISION**
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

**Enquiries can be made at**
- For general enquiry: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

**How to Apply**
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

**Scholarships**
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA